यह निरीक्षण प्रतिवेदन प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) के माह 11/2013 से 04/2017 के लेखा-अभिलेखों की लेखापरीक्षा पर आधारित निरीक्षण प्रतिवेदन श्री खुशी राम, व.ले.प. सुश्री रेखा सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री प्रितांशु कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 26.05.2017 से 30.05.2017 तक वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

## भाग-I

1). परिचयात्मकः इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री दयाशंकर, ले.प., श्री आनन्द कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 25.11.2013 से 29.11.2013 तक श्री एस.के. त्यागी लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित कीगयी थी। जिसमें माह 04/2006 से 10/2013 तक के लेखा-अभिलेखों की जांच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में 11/2013 से 04/2017 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

2). (i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज (अल्मोड़ा) जिला मुख्यालय से 40 किमी. दूरी पर तहसील मुख्यालय भनोली व वि. खण्ड धौलादेवी के गरूड़बाड में स्थित है। समुद्र तल से1860 मी. ऊँचाई पर प्राकृति सम्पदा से सम्पन्न इस स्थलसे हिमालयकी धवल चोटियों की अनुपन छटा के दर्शन होते है। प्रसिद्ध जागेश्वर धाम इस जगह से 6 किमी. व प्रसिद्ध झाँकर सैम मन्दिर 2 किमी दूरी पर स्थित है। वर्तमान में महाविद्यालय में कला व वाणिज्य संकाय के पाठ्यक्रम संचालित है। वर्तमान में कला संकाय में 218 छात्र/छात्राऐं व बी. कॉम में 34 छात्र/छात्राएँ अध्ययनरत है।

(अ) विगत तीन वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

(धनराशि ₹ में)

| वर्ष | प्रारम्भिक अवशेष | | स्थापना | | गैर स्थापना | | आधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्थापना | गैर स्थापना | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | | |
| 2014-15 | - | - | 5010000 | 3416144 | 145000 | 145000 | | 1593886 |
| 2015-16 | - | - | 4320000 | 4259667 | 248000 | 246970 | | 61363 |
| 2016-17 | - | - | 7104000 | 6482748 | 5340000 | 529685 | | 625567 |

(स) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः

(रू. लाख में)

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक अवशेष | प्राप्त | व्यय अधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2014-15 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2015-16 | रुसा | 511.00 | 24,68,000.00 | शून्य | 511.00 |
| 2016-17 | रुसा | 511+4957 ब्याज कुल रू.= 5468.00 | 87,28,666.00 | शून्य | 39,869.000 ब्याज |

**(ii)** इकाई को बजट आवंटन केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। गैर स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई 'सी' श्रेणी की है।

विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत हैः-

उच्च शिक्षा निदेशक उत्तराखण्ड → उच्च शिक्षा निदेशक → प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज (अल्मोड़ा) → प्रवक्ता संवर्ग → शिक्षेणेत्तर अधिकारी/कर्मचारी → कार्यालय प्रभारी → समूह ग कर्मचारी → समूह घ कर्मचारी

**(iii)** लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः लेखापरीक्षा में प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) को आच्छादित किया गया। समस्त स्वाधीन आहरण वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक-पृथक जारी किये जा रहे है। यह निरीक्षण प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह 03/2016 व 03/2017 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया। प्रतिचयन अधिकतम व्यय के आधार पर किया गया।

**(iv)** लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) की धारा 13 लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

## STAN

प्रस्तर-1- रूसा के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन कर पृथक-पृथक खाते (**A/C**) का रख-रखाव किया जाना।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) के दो क्लास रूम, कम्प्यूटर रूम एवं पुरूष प्रसाधन तथा बाऊड्री वाल व रिनोवेशन का निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2015-16 में उत्तराखण्ड शासन द्वारा लागत रू. 138.36 लाख की प्राशासनिक व वित्तीय स्वीकृत प्रदान कीगयी।

RUSA की Guidelines/Govt. की मुख्य बात-

(i) Only one bank account at the institutional level would be permitted so as to discourage scattered maintenance of RUSA funds as this would lead to weak financial management and poor controls". No funds other GOI releases and states contribution should be dept in RUSA bank account.

कार्यालय राष्ट्रीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) की नमूना लेखा परीक्षा जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि RUSA से संबंधित धनराशि का रख-रखाव कार्यालय व कार्यदायी संस्था स्तर पर पृथक-पृथक किया जा रहा था। कार्यालय व कार्यदायी संस्था स्तर RUSA संबंधित धनराशि के बचत खाते से अर्जित धनराशि क्रमशः रू. 39,446/- (दिनांक 23.05.2017 तक) व रू. 66,341/- था। जो उक्त RUSA Guidelines के विरूद्ध है।

इस ओर लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर महाविद्यालय को कार्यदायी संस्था द्वारा प्रेषित उत्तर में उल्लेख पाया गया कि निर्माण एजेंसी द्वारा उक्त परियोजना हेतु पृथक से एकाउन्टस का रख-रखाव किया जा रहा है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि RUSA के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है।

अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

**STAN**

प्रस्तर-2- कॉशनमनी धनराशि रू. 14,742/- को अवरूद्ध रखे जाने का प्रकरण।

कॉशनमनी एक प्रत्याभूति धनराशि है, जिसे अचानक महाविद्यालय छोड़ने वाले छात्रों से होने वाली पुस्तक इत्यादि हानि की क्षतिपूर्ति के लिए छात्रों से लिया जाता है। शिक्षा पूर्ण होने के पश्चात यह धनराशि छात्रों को वापसकर दी जाती है। राजकीय महाविद्यलाय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) के कॉशनमनी संबंधी अभिलेखों की जांच में पाया गया कि रू. 14,742/- अवरूद्ध खाते में पड़े हुए थे छात्रों को भी उनकी धनराशि नहीं लौटाई गयी और न ही निदेशालय से दिशा निर्देश इसको व्यय करने के संबंध में प्राप्त किए गए।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर महाविद्यालय ने उत्तर दिया कि कॉशनमनी के लिए छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय छोड़ने के पश्चात आवेदन किया जाता है। तभी कॉशनमनी वापस की जाती है। विद्यार्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत न करने के कारण कॉशनमनी की धनराशि अवशेष है। इसके संबंध में निदेशालय से दिशा-निर्देश प्राप्त किया जाएगा।

अतः प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

## भाग-III

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:-

| प्रतिवेदन संख्या | वर्ष | भाग-II 'अ' प्रस्तर संख्या | भाग-II 'ब' प्रस्तर संख्या | **STAN** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

## <u>भाग-IV</u>

इकाई के सर्वोत्तम कार्य

.................................. शून्य .....................................

## भाग-V

## आभार

1). कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून, लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः-

अप्रस्तुत अभिलेखः एस.पी.ए. संबंधी निर्माण कार्य के अभिलेख

2). सतत् अनियमितताएः शून्य

3). लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया :

| क्र.सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| | | |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गरूड़बाज, (अल्मोड़ा) को इस आशय से प्रेषित कर दी गयी, जिसकी प्राप्ति के एक माह के अन्दर अनुपालन आख्या सीधे "उप-महालेखाकार/ सामाजिक क्षेत्र, कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखंड, सी- 1/105, वैभव पैलेश, इंदिरा नगर, देहरादून, 248006" को प्रेषित कर दी जाय।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
(सामाजिक क्षेत्र)